-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 16.02.2026

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **ऑपरेशन मुस्कान के तहत थाना अतर्रा द्वारा गुम/भटकी हुई 05 वर्षीय बच्ची के परिजनों का पता लगाकर सकुशल किया गया सुपुर्द।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान **"ऑपरेशन मुस्कान"** के क्रम में आज दिनांक 16.02.2026 को थाना अतर्रा पुलिस द्वारा गुम/भटकी हुई 05 वर्षीय बच्ची के परिजनों का पता लगाकर सकुशल सुपुर्द किया गया। गौरतलब हो कि आज दिनांक 16.02.2026 को कस्बा अतर्रा में एलआईसी कार्यालय के पास एक 05 वर्षीय बच्ची भटकती हुई मिली थी। जिसकी सूचना पर थानाध्यक्ष अतर्रा श्री संजीव चौबे द्वारा तत्काल टीम गठित कर तत्परता से परिजनों की खोजबीन शुरु कर दी गई। इस दौरान आस-पास के लोगों से पूछताछ करते हुए परिजनों का पता लगाकर सकुशल उनके सुपुर्द कर दिया गया। परिजनों ने पुलिस टीम का आभार व्यक्त करते हुए हृदय से धन्यवाद दिया।

पुलिस टीम का विवरण-

1. श्री संजीव चौबे थानाध्यक्ष अतर्रा मय टीम